

# दीपिका पादुकोण का वर्कआउट विडियो वायरल

दीपिका पादुकोण बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं और अपनी अदाकारी से वह अपने फैंस के दिलों पर राज करती हैं। दीपिका की पिछली फिल्म पद्मावत को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। आजकल दीपिका अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। दीपिका की यह फिल्म एक एसिड अटैक सर्वाइवर की कहानी पर आधारित है। दीपिका इस रोल के लिए खुद को पुरी तरह से तैयार करने में लगी हुई हैं और इसके लिए वह काफी वर्कआउट कर रही हैं। दीपिका का यह विडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया गया है। इस विडियो में दीपिका ब्लैक जिम वेयर पहने अपर बॉडी एक्सरसाइज करते नज़र आ रही हैं। दीपिका की खास बात है कि वह बेहद मुश्किल एक्सरसाइज को भी ट्राई करने में पीछे नहीं हटतीं। दीपिका का यह विडियो सिलेब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यासमीन कराचीवाला ने शेयर किया है। यासमीन ने विडियो के साथ कैप्शन में लिखा कि इस एक्ससरसाइज को आप आसान ना समझें, यह मुश्किल है लेकिन दीपिका इसे आसानी से कर ले रही हैं। दीपिका का यह विडियो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है और इससे उन्हें भी फिट रहने की प्रेरणा मिल रही है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# ध्रुव व मैंने डेटिंग का कभी नहीं सोचा : मिथिला

नेटफ्लिक्स के शो लिटिल थिंग्स में नजर आने वाली मिथिला पालकर और अभिनेता-लेखक ध्रुव सहगल की ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लोगों का बहुत प्यार मिला है लेकिन मिथिला का कहना है कि उनके दिमाग में एक-दूसरे के साथ डेटिंग करने की बात कभी नहीं आई। मिथिला ने बताया, हमारे दिमाग में एक-दूसरे के साथ डेटिंग करने का विचार नहीं आया। हमने शो के पहले सीजन में एक-दूसरे के साथ बात करने का भी नहीं सोचा था। मुझे लगता है कि ध्रुव और मैं लिटिल थिंग्स के दूसरे सीजन में ही दोस्त बने हैं हालांकि हम पिछले तीन सालों से एक-दूसरे को जानते हैं। लिटिल थिंग्स का दूसरा सीजन पांच अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा है जिसमें मिथिला और ध्रुव नव विवाहित जोड़े की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा, हमें एक-दूसरे के साथ काम करते हुए तीन साल हो गए लेकिन हमें व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे को जानने के लिए समय लगा। हमने केवल इस साल बात करने और कैमरे के पीछे से एक-दूसरे को जानने का प्रयास किया।



मिथिला और ध्रुव को पर्दे पर अपनी केमिस्ट्री के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, इस पर मिथिला ने कहा, लोगों ने हमारी केमिस्ट्री का आनंद लिया जो हम दोनों के लिए एक सुखद आश्चर्य है क्योंकि हम वास्तव में एक दूसरे को अच्छी तरह से नहीं जानते थे।



# परिणीति ने प्रियंका और निक जोनस को किसने बताया क्यूट कपल

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस आजकल पब्लिक में भी अपने प्यार का खुलकर इजहार करते दिख जाते हैं। जब भी उनसे बात की जाए तो वह एक-दूसरे की तारीफ के साथ ही इसे जाहिर करना नहीं भूलते कि वह रिलेशनशिप में आकर कितने खुश हैं। इस कपल की तारीफ दुनियाभर की मीडिया में होती है। अब प्रियंका की बहन परिणीति चोपड़ा ने भी दोनों की तारीफ करते हुए उन्हें क्यूट कपल बताया। परिणीति ने बताया कि निक जोनस से उनकी पहली मुलाकात तब हुई थी जब वह मुंबई में पीसी के घर आए थे। उन्होंने कहा कि वह उन्हें बताना चाहती थीं कि वह उनकी कितनी बड़ी फैन हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। कपल के साथ टाइम स्पेंड करने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि निक जोनस बेहद चिल पर्सन हैं।

ऐक्ट्रेस ने कहा कि एक बार उन्होंने निक को बताया था कि कैसे भारतीय शादी में जूते चुराने की रस्म होती है। उन्होंने निक को बताया कि वह उनके जूते चुराएंगी जो तभी वापस मिलेंगे जब वह उन्हें बदले में पैसे देंगे। परिणीति ने कहा कि इस सबके बारे में बात करते हुए निक को भी काफी मजा आया। उन्होंने निक की तारीफ करते हुए उन्हें काफी सुलझा, शांत और प्यारा शख्स बताया।निक और प्रियंका के बारे में बतौर कपल बात करते हुए परिणीति ने कहा कि पीसी को हमेशा ऐसा इंसान चाहिए था जो उनके स्टारडम को देखे बगैर उन्हें पसंद और केयर करे। निक पहले से ही सुपरस्टार हैं ऐसे में दोनों के बीच की ट्यूनिंग स्टारडम पर नहीं टिकी हुई है। परिणीति ने कहा कि दोनों बेहद प्यारे कपल हैं जो एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं। बता दें कि, परिणीति चोपड़ा इन दिनों फिल्म नमस्ते इंग्लैंड के प्रमोशन में बिजी हैं। उनके साथ इस फिल्म में अर्जुन कपूर लीड रोल निभाते दिखेंगे।

# सोनाली बेंद्रे को आती है इसकी याद, प्रियंका को कहा शुक्रिया

ऐक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने खुद को कैंसर होने की बात सबके साथ सोशल मीडिया पर शेयर की तो सभी हैरान रह गए। उनका मनोबल बढ़ाने के लिए फैन्स से लेकर इंडस्ट्री के लोगों ने भी पोस्ट कर उनके लिए दुआ मांगी। इंडस्ट्री के वे लोग जो सोनाली के करीब हैं, या न्यू यॉर्क में मौजूद है समय-समय पर उनसे मिलने भी जाते रहते हैं।

हाल ही में प्रियंका चोपड़ा भी सोनाली से मिलने पहुंची और उनके साथ हैंगआउट किया। इस दौरान उनके साथ उनकी डॉग डायना भी थी। सोनाली को भी उसके साथ खेलने और समय बिताने को मिला।

डायना के साथ खेलने के बाद सोनाली काफी अच्छा महसूस कर रही थीं। इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया करते हुए प्रियंका को शुक्रिया कहा, साथ ही यह भी जाहिर किया कि वह अपने डॉग को कितना मिस करती हैं।

सोनाली ने लिखा, डॉग्स सच में बेस्ट होते हैं। यह पहला डॉग है जिसके साथ में अपने डॉगी को मुंबई में ही छोड़कर आने के बाद खेल रही हूं। मिक्स्ड इमोशन्स फील कर रही हूं जो यादों और प्यार से भरे हुए हैं। थैंक यू प्रियंका चोपड़ा मुझे डायना के साथ समय बिताने देने के लिए। यह बहुत ही प्यारी है और दुनिया की सबसे क्यूट चीजों में से एक है।

उन्होंने आगे लिखा, पीएस सॉरी पीसी, मुझे आपके और बाकी लड़कियों के साथ समय बिताकर काफी अच्छा लगा, लेकिन हाइलाइट तो डायना ही थी। वह बेस्ट है। हालांकि, वह मेरे डॉग से साइज के मामले में एक चौथाई से भी कम है।



# कलंक अद्भुत फिल्म होगी : सोनाक्षी



आगामी फिल्म कलंक की शूटिंग में व्यस्त अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित फिल्म अद्भुत फिल्म होगी। सोनाक्षी ने संवाददाताओं से यह बात कही। फिल्म के बारे में सोनाक्षी ने कहा, फिल्म की शूटिंग का अनुभव शानदार रहा। मुझे लगता है कि यह अद्भुत फिल्म होगी। मैं इसमें अलग तरह का किरदार निभा रही हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दर्शकों ने कलाकारों को उनकी पिछली फिल्मों में ऐसी भूमिका निभाते हुए नहीं देखा होगा इसलिए यह बहुत दिलचस्प होगी।

सोनाक्षी वर्ष 1977 की फिल्म इनकार का मशहूर गीत मुगड़ा को रीक्रिएट वर्जन पर थिरकती नजर आएंगी। यह गाना हेलन और अमजद खान पर फिल्माया गया था। सोनाक्षी ने कहा, मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं, इस साल हेलन आंटी का यह दूसरा गाना होगा, क्योंकि इससे पहले हैप्पी फिर जाएगी के लिए मैं चिन-चिन चू कर चुकी हैं। मी टू मूवमेंट पर सोनाक्षी ने कहा, क्या आप यह पूछ रहे हैं कि अगर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हो तो क्या उन्हें आवाज उठानी चाहिए? तो हां, बेशक उन्हें आवाज उठानी चाहिए और जो भी पुरुष इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।